डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

गुरुवार

08 फरवरी 2024



हेरोइन तस्करी के आरोप में पति-पत्नी समेत एक परिवार के तीन सदस्य गिरफ्तार

2



# सियासत: नीतीश कुमार ने दिल्ली में पीएम मोदी से की मुलाकात

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बिहार में सरकार गठन के बाद पहली बार दिल्ली पहुंचे सीएम नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। नीतीश कुमार इस दौरान मुस्कुराते हुए नजर आए। दोनों नेताओं ने एक दूसरे के साथ गर्मजोशी से मुलाकात की। नीतीश कुमार ने पीएम मोदी को ब्लू रंग का एक गुलदस्ता भेंट किया। दोनों नेता काफी देर तक एक दूसरे का हाथ थामे रहे।

नीतीश कुमार ने 28 जनवरी को महागठबंधन से नाता तोड़कर बीजेपी के साथ सरकार बना लिया था। अब वे बिहार में एनडीए के साथ मिलकर सरकार चला रहे हैं। नीतीश कुमार उसके बाद पहली बार दिल्ली पहुंचे थे। उसके बाद उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की थी। मुलाकात की तस्वीरें देखने के बाद कहा जा रहा है कि अब देश में पूरी तरह इंडी गठबंधन का सफाया हो गया है। नीतीश कुमार विपक्षी एकता दल के धुरी थे। नीतीश कुमार के महागठबंधन से हटने के बाद अब इंडी गठबंधन पूरी तरह अलग-थलग पड़ गया है। बिहार में सरकार गठन के बाद नीतीश कुमार पहली बार प्रधानमंत्री मोदी से मिले हैं।

खबरों के मुताबिक बिहार में राज्यसभा की छह सीटें खाली हो रही हैं। जिनके लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है। इन छह सीटों में से दो पर वर्तमान में जेडीयू का कब्जा है और दो आरजेडी के खाते में है। इन सीटों पर नीतीश कुमार चर्चा कर सकते हैं। पीएम मोदी से नीतीश कुमार की मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। इससे पूर्व सरकार गठन के बाद प्रधानमंत्री से मिलने वालों में विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी शामिल रहे हैं। नीतीश कुमार ने 12 फरवरी से पहले दिल्ली का दौरा किया है। वे जेपी नड्डा और अमित शाह से भी मुलाकात कर सकते हैं। नीतीश कुमार का दिल्ली दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है।

### 12 फरवरी को बिहार सरकार का फ्लोर टेस्ट

12 फरवरी को बिहार विधानसभा में नई सरकार का फ्लोर टेस्ट होना है। ऐसे में नीतीश कुमार की ये मुलाकात अहम मानी जा रही है। बिहार में जीतनराम मांझी भी बार-बार तेवर दिखा रहे हैं। वहीं नीतीश ने एक भाषण में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज की मांग की थी। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि दोनों के बीच इस मुद्दे पर भी बात हो सकती है।

**वित्तीय सहायता की भी उम्मीद:** वहीं बात अगर अन्य मुद्दों की करें तो बिहार सरकार ने गरीब परिवारों को दो-दो लाख रुपये देने के ऐलान किया है। गरीबों का यह आंकड़ा बिहार में जातीय जनगणना के बाद बताया गया था। अब इस ऐलान से बिहार सरकार पर धन खर्च का बोझ भी बढ़ेगा ऐसे में उम्मीद है कि प्रदेश सरकार के लिए वित्तीय सहायता की बात भी हो।

### लोकसभा चुनाव भी अहम मुद्दा

एक अन्य मुद्दा आगामी लोकसभा चुनाव भी है। अब तक बिहार में बीजेपी अकेले दम पर चुनाव लड़ने का दंभ भर रही थी। वहीं नीतीश कुमार इंडी गठबंधन का हिस्सा थे। अब नीतीश कुमार एनडीए में शामिल हो गए हैं। ऐसे में अब एनडीए गठबंधन की बिहार में लोकसभा चुनाव में क्या रणनीति होगी इस पर भी चर्चा हो सकती है।

# वैशाली में अपराधियों ने दो युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**केटी न्यूज/पटना**

हाजीपुर के वैशाली में अपराधियों द्वारा दो युवक को गोली मारे जाने का मामला सामने आया है। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामला बिदुपुर थाना क्षेत्र के चेचर पंचायत स्थित चेचर मंदिर के निकट का है। जहां दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने दो युवक को गोली मारकर जख्मी कर दिया। घायल युवक चेचर बाग टोला निवासी लाल बहादुर राय के पुत्र अविनाश कुमार है। दोनों युवक को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिदुपुर भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अविनाश को सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया।

वहीं सदर अस्पताल में डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। अविनाश को एक गोली दाहिने साइड पेट में मारी गई है। अविनाश ने बताया कि तूफानी कुमार एवं अंशुमन कुमार अपने चार साथियों के साथ आया और गोली मारकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक दो बाइक पर सवार चार अपराधी चेचर मंदिर के निकट पहुंचे और अविनाश कुमार को गोली मार दिया वहीं मौके पर मौजूद एक अन्य व्यक्ति को भी गोली लगी है। स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

## प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला

# किसी भी तरह के आरक्षण के खिलाफ थे पंडित नेहरू: मोदी

- बोले पीएम- कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को भारत रत्न योग्य नहीं माना
- कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान राष्ट्रीयकरण और निजीकरण के बीच फैसला नहीं किया
- बोले- जिस कांग्रेस के अपने नेता, अपनी नीति की कोई गारंटी नहीं, वो मोदी की गारंटी पर सवाल उठा रहे हैं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा, बाबासाहेब ना होते तो रिजर्वेशन भी नहीं मिलता। पीएम मोदी ने राज्यसभा में कहा है कि पंडित नेहरू आरक्षण के खिलाफ थे। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस ने आंबेडकर को भारत रत्न योग्य नहीं माना. ये हमें उपदेश दे रहे हैं। जिस कांग्रेस के अपने नेता की कोई गारंटी नहीं है, अपनी नीति की गारंटी नहीं है, वो मोदी की गारंटी पर सवाल उठा रहे हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं आदरपूर्वक नेहरूजी को ज्यादा याद करता हूं। एक बार नेहरूजी ने चिट्ठी मुख्यमंत्रियों को लिखी। उन्होंने उस चिट्ठी में लिखा था, मैं किसी भी आरक्षण को पसंद नहीं करता। खासकर नौकरी में आरक्षण तो कतई नहीं। मैं ऐसे किसी भी कदम के खिलाफ हूं, जो अकुशलता को बढ़ावा दे, जो दोयम दर्जे की तरफ ले जाए। पीएम मोदी ने कहा, वो कहते थे कि अगर एससी-एसटी, ओबीसी को आरक्षण मिला तो सरकारी कामकाज का स्तर गिर जाएगा।



### कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटा

पीएम मोदी ने कहा कि जिस कांग्रेस ने सत्ता के लालच में सरेआम लोकतंत्र का गला घोंट दिया था। कांग्रेस ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को रातों रात बर्खास्त कर दिया था। लोकतंत्र की मयार्दाओं को जेल की सलाखों के पीछे बंद कर दिया। अखबारों पर ताला लगाने की कोशिश की। देश को तोड़ने का नया शौक कांग्रेस में पैदा हुआ था। इतना तोड़ना कम नहीं था कि अब उत्तर-दक्षिण को तोड़ने का काम कर रही है।

आज जो आंकड़े गिनाते हैं ना उसका मूल यहां है। उस समय सरकार में भर्ती हुई होती और वो प्रमोशन करते आगे बढ़ते तो आज यहां पर पहुंचते। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान राष्ट्रीयकरण और निजीकरण के बीच फैसला नहीं किया। वह परिवार के सदस्यों को भारत रत्न देती रही और सड़कों का नाम परिवार के सदस्यों के नाम पर रखती रही। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस को अपने नेताओं, अपने सिद्धांतों पर कोई गारंटी नहीं है, वह मोदी सरकार पर सवाल उठाती है।

### कांग्रेस अध्यक्ष पर कसा तंज

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर तंज करते हुए उन्होंने कहा, लोकसभा में जो मनोरंजन की कमी खल रही है वो आपने पूरी कर दी। जब वह बोल रहे थे तो मैं सोच रहा था कि इतना सारा बोलने की आजादी मिली कैसे। बाद में मुझे याद आया कि दो स्पेशल कमांडर जो रहते हैं, वो उस दिन नहीं थे। ऐसे में खरगे ने आजादी का खूब फायदा उठाया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी के हालिया बयान का जिक्र करते हुए कहा, कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव में 40 सीटों को पार नहीं कर सकती है। पीएम मोदी ने कहा, मैं प्रार्थना करता हूं कि आप 40 सीटें अपने पास रखें।

**कांग्रेस हमेशा दलित-पिछड़ा-आदिवासी के खिलाफ रही है:** कांग्रेस की जाति जनगणना की मांग पर पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा दलित-पिछड़ा-आदिवासी के खिलाफ रही है। मैं पंडित नेहरू के तत्कालीन मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र का अनुवाद पढ़ूंगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह किसी भी तरह के आरक्षण, खासकर नौकरियों में कोटा के पक्ष में नहीं हैं। नेहरू सोचते थे कि अगर इन लोगों को सरकारी नौकरियों में भर्ती किया जाएगा, तो काम खराब हो जाएगा। अगर बाबासाहेब नहीं होते तो आरक्षण नहीं लागू होता।

**कांग्रेस ने समस्याओं को हल करने के लिए कुछ नहीं किया:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर देश को बांटने के लिए नैरेटिव गढ़ने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, कांग्रेस अब उत्तर-दक्षिण विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। पिछली कांग्रेस सरकार ने देश की जमीन का बड़ा हिस्सा दुश्मनों को दे दिया। कांग्रेस को देश की समस्याओं के बारे में पता था, लेकिन उसने उन्हें हल करने के लिए कुछ नहीं किया।

## प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. आरएन सिंह से मांगी रंगदारी



**पटना।** प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. आर. एन. सिंह से रंगदारी मांगी गई है। दो बार कॉल आने की सूचना है। इसके अलावा, कंकड़बाग में राजेंद्रनगर फ्लाईओवर के पास स्थित उनके क्लिनिक पर रंगदार के पहुंचने की भी जानकारी सामने आ रही है। डॉ. आर. एन. सिंह को चिकित्सा क्षेत्र में उनके अतुल्य योगदान के लिए 2010 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। वह इस समय विश्व हिंदू परिषद् के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चर्चित हैं। पटना के कंकड़बाग थाने में मामला दर्ज कराया है। उन्होंने इस मामले में एक युवक को नामजद भी किया है। इस मामले में एक जमाने के कुख्यात अपराधी बिंदु सिंह के बेटे का नाम सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि कॉल पर रंगदारी मांगे जाने के बावजूद जब डॉ. आरएन सिंह ने ध्यान नहीं दिया तो बुधवार को एक शख्स क्लिनिक पर पहुंच गया। वह हथियार के साथ आया था या खाली हाथ, इस बारे में जानकारी सामने नहीं आयी है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने क्लिनिक के साथ ही आरएन सिंह रोड के बाकी सीसीटीवी की भी पड़ताल शुरू कर दी है। क्लिनिक जिस रोड पर है, वह भी डॉ. आरएन सिंह के नाम पर है। कंकड़बाग थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर अपराधी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी गई है।

# शराब बंदी के नाम पर शराब की दुकानें बंद लेकिन, होम डिलीवरी चालू: प्रशांत किशोर

- बिहार सरकार को शराबबंदी के कारण 20,000 करोड़ रुपए का हो रहा है नुकसान
- नीतीश ने बिहार को सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया है

**केटी न्यूज/पटना**



जन सुराज के सूत्रधार व चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बुधवार को कहा कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद शराब का कारोबार चल रहा है। अवैध शराब के कारोबार में युवा लड़कों के साथ लड़कियां भी लगी हुई हैं। शराबबंदी से बिहार को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में शराब माफिया और बालू माफिया की बात हर कोई कर रहा है। इस सरकार ने शराब का अवैध कारोबार करने वाले लोगों को पैदा किया है। शराब बंदी के नाम पर शराब की दुकानें बंद कर दी, लेकिन, होम डिलीवरी चालू कर दी है। दावा करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि प्रत्येक साल बिहार सरकार और बिहार के लोगों को शराबबंदी के कारण 20,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। ये पैसा पुलिस, प्रशासन और शराब माफिया के हाथ में जा रहा है। जन संवाद पदयात्रा पर निकले किशोर ने कहा कि शराब माफिया के साथ बालू माफिया बिहार में काफी ताकतवर हैं। हजारों-करोड़ों रुपए सरकार और बिहार के लोगों का चोरी करके पुलिस और प्रशासन की मदद से अवैध बालू का कारोबार बिहार में चल रहा है।

प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज बिहार में एक नया विकल्प बनेगा। बिहार को नीतीश कुमार ने सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया है। अपनी कुर्सी को पाने के लिए सात बार पलटी मारकर जनता को धोखा देने का काम किया। इसके लिए राजद और बीजेपी दोनों भी जिम्मेवार है। जनता दोनों को सबक सिखाने का काम करेगी। बिहार में शराबबंदी पर कहा कि शराबबंदी से बिहार और बिहार की जनता का नुकसान हो रहा है। विकसित देशों में जब शराबबंदी नहीं है तो बिहार में शराबबंदी लागू कर बिहार में अराजकता फैला दिया गया है। कहा कि पूरा बिहार पद यात्रा करने के बाद लोगों की सहमति से नई पार्टी का गठन किया जाएगा और अगली विधानसभा चुनाव में हर विधानसभा में अपना प्रत्याशी खड़ा किया जाएगा। जन सुराज के सामने दोनों दल को जनता भगाएगी।




## विधानसभा में ऊर्जा मंत्री बोले- सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनेगा यूपी

# प्रदेश के 17 महानगरों को सोलर सिटी बनाएगी योगी सरकार

- महानगरों के बाद ग्रामीण इलाकों को सोलर ग्राम के रूप में किया जाएगा विकसित
- प्रदेश की पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित हो रही अयोध्या, अब तक 14 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन शुरू

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में सोलर एनर्जी को प्रोत्साहित कर रही योगी सरकार अयोध्या और वाराणसी के साथ 17 महानगरों को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित करेगी। महानगरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के बाद योगी सरकार का लक्ष्य ग्रामीण इलाकों को सोलर ग्राम के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य करेगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने अयोध्या को प्रदेश की पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इस पर तेजी से कार्य चल रहा है, जबकि वाराणसी में भी बड़े पैमाने पर सोलर प्लांट लगाने की तैयारी शुरू हो चुकी है।



**अयोध्या में 40 चौराहों पर लगाए गए हैं सोलर ट्री :** बुधवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य बनकर सामने आएगा। इसकी शुरूआत हो चुकी है। अयोध्या को हमारी सरकार सोलर सिटी के रूप में विकसित कर रही है। इसकी शुरुआत भगवान राम के चरणों से हुई है तो स्वाभाविक रूप से सफलता और बेहतर मिलेगी। अयोध्या के सर्किट हाउस की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट लग चुका है। अयोध्या में 14 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होने लगा है और बाकी 40 मेगावाट का प्लांट लग चुका है जिसका उत्पादन भी जल्द होने लगेगा। ऊर्जा मंत्री ने अयोध्या में सोलर सिटी को लेकर हुए कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि अयोध्या में 2500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट्स सौर एनर्जी से संचालित होने लगी हैं। अयोध्या में लगभग 40 चौराहे ऐसे हैं जहां सोलर ट्री लगाए गए हैं।

**वाराणसी में 25 हजार रूफटॉप सोलर प्लांट बनाने का लक्ष्य:** ऊर्जा मंत्री ने बताया कि अयोध्या को हमने सोलर सिटी बना दिया है और अगला लक्ष्य सरकारी इमारतों की छतों पर सोलर रूफटॉप प्लांट लगाने का है। पीएम मोदी के निर्देश पर और सीएम योगी के नेतृत्व में वाराणसी में 25 हजार रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य मिला है। इस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है और जल्द ही अयोध्या की तर्ज पर वाराणसी को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित कर लिया जाएगा। यही नहीं, अयोध्या और वाराणसी की तर्ज पर राज्य के 17 महानगरों को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित किए जाने की तैयारी है। इसके साथ ही प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में भी सोलर प्लांट लगाने की कार्यवाही शुरू की जाएगी। उन्होंने प्रदेश में चार्जिंग स्टेशन लगाए जाने के लिए कहा कि जल्द ही इसका रोडमैप शेयर किया जाएगा।

### आउटसोर्स कर्मियों को 20 परसेंट तक मिलेगा परफॉर्मेंस इंसेंटिव

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि यूपीपीसीएल कारपोरेशन के द्वारा राजस्व (थ्रू-रेट) में वृद्धि के आधार पर आउटसोर्स कार्मिकों को परफॉर्मेंस इंसेंटिव देने की व्यवस्था (प्रोत्साहन योजना) लागू की गई है। प्रोत?साहन योजना के अंतर्गत पात्र पाए गए उपकेंद्रों के संविदा कार्मिकों को परफॉर्मेंस इंसेंटिव्स के तौर पर माह में मिलने वाले पारिश्रमिक पर वर्ष 2024-25 में प्रतिमाह 10 प्रतिशत की राशि दी जाएगी। पुनः यदि उन्हीं उपकेंद्रों पर वर्ष 2024-25 के सापेक्ष आपूर्ति की गई विद्युत के सापेक्ष राजस्व (थ्रू-रेट) में वृद्धि होती है तो वर्ष 2025-26 में प्रतिमाह 10 प्रतिशत की राशि अतिरिक्त (अर्थात कुल 20 प्रतिशत इंसेंटिव) दी जाएगी। विभागीय कार्य के दौरान मृत्यु होने की दशा में मिलने वाली अनुग्रह राशि को कारपोरेशन द्वारा 5 लाख से बढ़ाकर 7.50 लाख रुपए कर दिया गया है।

# औरंगाबाद जिले में 26 लाख लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य

- 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान की होगी शुरूआत
- शुरूआत के तीन दिनों तक सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगाया जाएगा बूथ

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



10 फरवरी से जिले के सभी प्रखंडों में सर्वजन दवा सेवन (आइडीए) अभियान की शुरूआत होगी। इस वर्ष पूरे जिले में 26, 28, 968 स्वस्थ लोगों की अभियान के तहत फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान 10 फरवरी से शुरू होकर अगले 17 दिनों तक चलेगा। जिसमें शुरूआत के तीन दिनों तक जिले के सभी सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बूथ लगाकर आशा दीदी के द्वारा दवा खिलायी जाएगी। उक्त दवा का सेवन सभी बच्चे मध्याह्न भोजन खाने के बाद करेंगे। इसके बाद आशा दीदी के अलावा टीम के अन्य सदस्य घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएंगी। उक्त बातें बुधवार को सिविल सर्जन सभागार में सीफार के द्वारा आयोजित मीडिया कार्यशाला में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. किशोर कुमार ने कही।

डॉ. किशोर कुमार ने बताया कि इस वर्ष पूरे जिले के सभी प्रखंडों में 26, 28, 968 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा सेवन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर की टीम में कुल 1547 स्वास्थ्य कर्मी और आशा दीदी तथा सेविका और सहायिका शामिल रहेंगी। इसके अलावा इनकी 156 सुपरवाइजर भी बनाए गए हैं। साथ ही दवा सेवन के दौरान किसी भी प्रखंड से कोई उल्टी या मिचली तथा चक्कर देने की शिकायत मिलती है तो, उसकी निगरानी के आरआरटी टीम (रैपिड रेस्पॉन्स टीम) के सदस्य मौके पर पहुंचकर उसकी देखभाल करेंगे। इसके अलावा सीफार संस्था के द्वारा पेशेंट प्लेटफार्म सदस्य के द्वारा भी कम्युनिटी के बीच जागरूकता अभियान चलाकर दवा सेवन के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जो अभियान की सफलता के लिए काफी अहम कड़ी साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता के लिए मीडिया कर्मियों की भूमिका काफी अहम है। क्योंकि आपके माध्यम से सी अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। तभी हम अपने जिले से फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। इसलिए इस अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी को एकजुटता के साथ काम करना है। कार्यशाला में भीडीसीओ हर्षवर्धन कुमार, पीसीआई के जिला समन्वयक विशाल कुमार चौहान, डब्ल्यूएचओ के एक्सटर्नल मानीटर मुकेश कुमार, पेशेंट प्लेटफार्म के सदस्य संजय कुमार गुप्ता, सीफार के प्रतिनिधि जफर इकबाल समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### अल्बेंडाजोल की दवा से जुड़ी ध्यान रखने योग्य बातें

- खाली पेट दवा का सेवन नहीं किया जाए
- दवा स्वास्थ्य कर्मियों के सामने ही खाना जरूरी है
- अल्बेंडाजोल की गोली चबाकर खाई जानी है
- फाइलेरिया से सुरक्षित रहने के लिए अपने घरों के आसपास गंदा पानी इकट्ठा न होने दें
- सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें

## एक नजर

### औरंगाबाद के शाहपुर में नर कंकाल मिलने से सनसनी, जांच में जुटी फॉरेंसिक एक्सपर्ट टीम



**औरंगाबाद।** एक नर कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना पर पुलिस ने नर कंकाल के अवशेषों और वहां मिले कपड़ों को जब्त कर परीक्षण संबंधी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला नगर थाना क्षेत्र के शाहपुर मुहल्ला की हैं। मामले की सूचना पर देखते-देखते सैकड़ों लोगों की भीड़ मौके पर इकठ्ठा हो गई। इस दौरान कुछ ऐसे भी लोग पहुंचे , जिनके परिजन महीनों से गायब हैं। हालांकि प्रारंभिक दौर में किसी ने भी पहचान नहीं की। वहीं मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। संदर्भ में पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं। जानकारी के अनुसार उस जगह कुछ बच्चें क्रिकेट खेल रहे थे। इसी क्रम में उनकी नजर नर कंकाल पर पड़ी। बच्चों ने शोर मचाकर लोगों को जानकारी दी। इस दौरान कंकाल के हाथ से एक ड्रिप निडिल लगा हुआ था। ऐसे में कयास लगाए जा रहे है कि युवक बीमार होगा और स्लाइन चढ़ाने के लिए उसके हाथ में ड्रिप निडिल लगाया गया होगा। इधर जानकारी के अनुसार उस मुहल्ला के किशोर सिंह उर्फ मोहर सिंह के करीब 22 वर्षीय पुत्र रवि कुमार बीते तीन माह से गायब हैं। मामले में परिजनों द्वारा नगर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करायी गयी है। जबकि परिजन उसकी आज भी खोजबीन कर रहे हैं। जब शाहपुर बांध में युवक का कंकाल देखा गया तो आसपास के लोगों ने मामले की सूचना किशोर सिंह के परिजनों को दी। उन्हें बताया गया कि जो कंकाल पड़ा हुआ है, शायद वह रवि का है। जानकारी मिलते ही रवि की मां, फुआ सहित अन्य परिजन पहुंचे, लेकिन कंकाल को पहचानने से इंकार दिया है , लेकिन होना या ना होना का संदेह जताया है। सदर एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खान ने बताया कि कई तरह की आशंकाओं के बीच पुष्टि के लिए चिकित्सकों की सलाह एवं परीक्षण के साथ ही डीएनए टेस्ट कराए जाने की जरूरत पड़ सकती है। मामले की विवेचना की जा रही हैं।

### कोर्ट में बयान दर्ज कराने के दौरान गवाह बेहोश

**आरा।** आरा स्थित मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट में बयान दर्ज कराने के दौरान एक गवाह बेहोश हो गया। उससे कोर्ट में अफरातफरी मच गयी। उसके बाद उसे तत्काल कोर्ट परिसर स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां उसका इलाज किया गया। हालांकि डॉक्टर के उपस्थित नहीं रहने के कारण इलाज करने में परेशानी हुई। गवाह बड़हरा थाना क्षेत्र के केशोपुर गांव निवासी उपेंद्र यादव है। बताया जा रहा है कि किसी मनोज यादव की ओर से कोर्ट में चेक बाउंस का केस दर्ज कराया गया है। उस मामले में बुधवार को उपेंद्र यादव की गवाही चल रही थी। उसी दौरान गवाह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। उसके बाद कोर्ट के आदेश पर उसे तत्काल इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इधर, उपेंद्र यादव के बेहोश होने के कारण हत्या के एक मामले में गवाही नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि उपेंद्र यादव को हत्या के मामले में भी गवाही देनी थी।

### गोह प्रखंड परिसर में स्थित आधार कार्ड सेंटर बंद, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड परिसर में स्थित आधार कार्ड सेंटर को अकारण बिना किसी सूचना के अचानक बंद कर दिया गया। इससे आधार कार्ड से वंचित लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विगत कई महीनों से आधार कार्ड का संशोधन एवं नए आधार कार्ड बनाए जा रहे थे। हालांकि बीच-बीच में आधार कार्ड के नाम पर लोगों से अधिक मूल्य लिए जाने की शिकायतें मिलती रही थी। बावजूद इसके लोगों को यहां आधार कार्ड बनवाने या संशोधन कराने की सुविधा मिल जाती थी। क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग यहां आधार कार्ड बनवाने या संशोधन कराने के लिए सुबह से ही लाइन लगा लेते थे और फिर देर शाम तक यहां आधार कार्ड का कार्य होता रहता था। इस बीच अचानक नए साल के शुरूआत में ही यहां आधार कार्ड का बनाना या संशोधन करना अचानक बंद कर दिया गया।

### स्कूल से लौट रहे तीसरी कक्षा के छात्र की हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मौत

**औरंगाबाद।** गोह थानाक्षेत्र के अल्हन परासी गांव में स्कूल से लौट रहे तीसरी क्लास के छात्र को बिजली की हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। बताया जाता है कि अल्हन परासी गांव निवासी संजय दास के आठ वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश कुमार मध्य विद्यालय में पढ़ने गया हुआ था।वह तीसरी क्लाश का छात्र है।मध्यान भोजन कर अपना घर जा रहा था कि पूर्व से रास्ते मे बिजली की हाई टेशन तार टूटकर गिरा हुआ था। जिसके चपेट में आने से ओमप्रकाश झुलस गया और मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलते ही वह पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम को लेकर सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है। छात्र ओमप्रकाश की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

## खबरें फटाफट

### सड़क हादसे में इंटर के परीक्षार्थी समेत तीन दोस्त जख्मी

**आरा।** आरा-बक्सर फोरलेन पर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के धमार मोड़ के समीप बुधवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार इंटर के परीक्षार्थी समेत तीन दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सदर अस्पताल में इलाज के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव निवासी दीपक साह के 19 वर्षीय पुत्र कौशल कुमार उर्फ गोलू कुमार, अशोक चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र अभय कुमार और राजू चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार शामिल हैं। बताया जा रहा है कि कौशल कुमार उर्फ गोलू कुमार की इंटर की परीक्षा चल रही है। उसका सेंटर शहर के नवादा थाना क्षेत्र के हित नारायण क्षत्रिय स्कूल में है। बुधवार की सुबह छोटू कुमार और अभय कुमार उसको परीक्षा केंद्र पर पहुंचाने बाइक से आरा आ रहा रहे थे। उसी दौरान धमार मोड़ के समीप उनकी बाइक का अनियंत्रित होकर पलट गई। उससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर उनके परिजन पहुंचे और इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आए। वहा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों तीनों की हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया।

## बिहिया थाना क्षेत्र के तेघरा गांव स्थित एक घर से पकड़े गए तीनों

# हेरोइन की तस्करी के आरोप में पति-पत्नी समेत एक परिवार के तीन सदस्य गिरफ्तार

- 218 पुड़िया सहित 68 ग्राम हेरोइन, 21 ग्राम कट और पौने दो लाख रु बरामद
- घर से ही तस्करी कर रहे थे परिवार के सदस्य, फारवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाल रही पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर पुलिस को मादक पदार्थों की तस्करी में मंगलवार की रात अच्छी सफलता मिली है। बिहिया थाना क्षेत्र के तेघरा गांव में छापेमारी कर पुलिस ने हेरोइन के साथ पति-पत्नी सहित एक ही परिवार के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। 218 पुड़िया सहित करीब 68 ग्राम हेरोइन, 21 ग्राम कट और पौने दो लाख रुपए भी बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार तस्करों में तेघरा गांव निवासी उपेंद्र प्रसाद ततवा,उसकी पत्नी कौशल्या देवी और भाई वीरेंद्र प्रसाद ततवा शामिल हैं। एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह की ओर से बुधवार प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात एसपी प्रमोद कुमार यादव को सूचना मिली कि तेघरा गांव निवासी उपेंद्र प्रसाद ततवा के घर में हेरोइन खरीद बिक्री का धंधा चल रहा है। उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसपी की ओर से तस्करों की गिरफ्तारी और हेरोइन की बरामदगी को एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। तत्काल टीम की ओर से मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तेघरा गांव निवासी उपेंद्र प्रसाद ततवा के घर छापेमारी की गयी। तब पुलिस को देख कुछ लोग भागने की कोशिश करने लगे। हालांकि टीम द्वारा तीनों को खदेड़ कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके घर से 48 ग्राम और 218 पुड़िया हेरोइन के साथ 21 ग्राम कट (हेरोइन में मिलाने वाला पाउडर) बरामद किया गया। एक लाख 78 हजार चार सौ रुपए नगद भी बरामद किया गया। जब्त रुपए हेरोइन खरीद-बिक्री के बताये जा रहे हैं। एसडीपीओ के अनुसार कुल हेरोइन का वजन करीब 68 ग्राम है। उन्होंने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर फारवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाला जा रहा है। छापेमारी टीम में बिहिया थानाध्यक्ष राजेश मालाकार, दारोगा रामस्वरूप राम, वाहिद अली और सीआईटी जवानों सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

**22 नवंबर को गिरफ्तार किए गए थे दो तस्कर:** इससे पहले आरा के नवादा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पास पुलिस ने दो तस्कर विशंभरपुर गांव निवासी संतोष पांडे और सहार थाना क्षेत्र के बरुही गांव निवासी रंजीत कुमार को गिरफ्तार किया था। दोनों तस्करों के पास से पुलिस ने 350 ग्राम हेरोइन, एक लाख रुपए नगद, एक बाइक भी जब्त किया था। गिरफ्तार दोनों तस्कर दूसरे जिले से हेरोइन लाकर बस स्टैंड के पास किसी को सप्लाई करने वाले थे, तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### विशेष छापेमारी अभियान में विभिन्न कांडों से जुड़े 80 आरोपित गिरफ्तार

**आरा।** अपराधियों की गिरफ्तारी और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एसपी प्रमोद कुमार यादव के निर्देश पर भोजपुर जिला में दो दिनों का स्पेशल ड्राइव चलाया गया। उस दौरान शराब बेचने व पीने सहित विभिन्न कांडों में 80 आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान अवैध शराब की 11 भट्ठियां ध्वस्त की गयीं और 750 सौ लीटर महुआ पास नष्ट किया गया। 345 लीटर देशी व 39 लीटर अंग्रेजी शराब भी बरामद की गयी। 48 ग्राम हेरोइन और 1 लाख 78 हजार रुपए के साथ तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गयी है। कहा गया है कि शराब पीने में 24 और बेचने में 17 लोगों को पकड़ा गया है। अन्य कांडों में 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वारंट के 88 मामलों का भी निष्पादन किया गया है। एसपी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जिले में लगातार अभियान चलता रहेगा। उन्होंने अवैध रूप से शराब के कारोबार में लगे लोगों को चेतावनी दी है कि वे खुद को इससे अलग कर लें नहीं तो पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

# सड़क हादसे में बिजली मिस्त्री की मौत, तीन जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**



आरा-पटना फोरलेन पर कोईलवर स्थित मनभावन होटल के बीच बुधवार की सुबह ट्रैक्टर और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। उसमें कार सवार एक इलेक्ट्रिक मिस्त्री की मौत हो गई, जबकि मामा-भांजी समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तीनों घायलों का इलाज बिहटा स्थित ईएसआईसी अस्पताल इलाज कराया जा रहा है। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव निवासी मो. शमीम का 30 वर्षीय पुत्र सद्दाम हुसैन था। वह पेशे से इलेक्ट्रिक मिस्त्री था। घायलों में गड़हनी गांव निवासी मो. बादशाह के 32 वर्षीय पुत्र मो. दानिश, खुर्शीद आलम के 32 वर्षीय पुत्र मो.तारीक और उनकी एक भांजी शामिल है। सद्दाम हुसैन और दानिश दोस्त थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। इलेक्ट्रीशियन के मौसा मो.साबिर ने बताया कि बुधवार की सुबह सद्दाम हुसैन अपने दोस्त मो. दानिश, मो.तारीक और उनकी भांजी के साथ किसी काम से ऑल्टो कार से पटना जा रहे थे। मो. दानिश कार चला रहा था और सद्दाम बगल आगे की सीट पर बैठा था। मो. तारीक और उसकी भांजी पीछे की सीट पर थे। कोईलवर थाना मोड और मनभावन होटल के बीच सामने से  से आ रहे ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई। उसमें सद्दाम हुसैन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चला रहे मो. दानिश, मो.तारिक और उनकी भांजी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी को इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी ले जाया गया। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे और इलाज के लिए सभी को बिहटा स्थित ईएसआईसी अस्पताल ले जाया गया। वहीं मौके पर पहुंची कोईलवर पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस द्वारा कार और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। हालांकि ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। बताया जा रहा है कि मृत सद्दाम हुसैन अपने तीन भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां रसीदा खातून, बहन रइसा खातून, शगुफ्ता खातून, मुन्नी खातून, भाई मो.एहसान और मो. वारिस है। हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

# देव सूर्य महोत्सव में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों का चयन 9 व 10 को

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

तीन दिवसीय देव सूर्य महोत्सव का आयोजन 16 से 18 फरवरी 2024 को किया जाना है। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को भी प्रतिभा दिखाने का अधिक से अधिक अवसर प्रदान किया जाना है। जिला पदाधिकारी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उप विकास आयुक्त औरंगाबाद की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी। समिति की बैठक में हुए निर्णय के आलोक में स्थानीय कलाकारों का चयन ऑडिशन तथा स्क्रीनिंग के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए 9 एवं 10 फरवरी 2024 को नगर भवन औरंगाबाद में ऑडिशन का आयोजन किया गया है। देव प्रखंड के छात्र-छात्राओं तथा कलाकारों के लिए 8 फरवरी को देव प्रखंड कार्यालय में ऑडिशन का आयोजन किया गया है। इसके लिए अलग-अलग समितियां भी गठित की गई है। जिला स्तरीय स्क्रीनिंग में विभिन्न सांस्कृतिक संस्थान, विद्यालय, महाविद्यालय से एक-एक सर्वोत्तम कार्यक्रम को ऑडिशन में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम में शामिल होने हेतु संस्थान के प्रधान का अग्रसारित पत्र, परिचय पत्र एवं आधार कार्ड को अनिवार्य किया गया है।

# औरंगाबाद में लक्ष्य के अनुसार 51 प्रतिशत हुई धान की अधिप्राप्ति



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2023-24 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में आहूत की गई। बैठक में अब तक जिला में हुए धान खरीद की समीक्षा की गई। जिलान्तर्गत अब तक 51 प्रतिशत अधिप्राप्ति की गई है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने कार्यभारित प्रखंडों में दैनिक कार्ययोजना बनाकर समितियों के अध्यक्षों एवं संबंधित पैक्स के किसानों से समन्वय स्थापित कर सप्ताह के अन्त तक 80 प्रतिशत अधिप्राप्ति करना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों एवं उनके समितियों को यह निदेश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में समिति में क्रय किए गए धान के विरूद्ध किसानों को भुगतान 48 घंटे के अंदर कर दिया जाए तथा किसी भी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के आवंटित समितियों में 100 प्रतिशत से कम भुगतान नहीं होना चाहिए।






# एसपी ने दूसरे जिलों से आए 13 इंस्पेक्टर व सात दारोगा की पोस्टिंग की

- श्रीनाथ कुमार बने पुलिस कार्यालय बक्सर में विशेष कार्य पदाधिकारी
- सुरेश कुमार सिंह बने ब्रह्मपुर के पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष
- शशिकांत शर्मा को डुमरांव का अंचल निरीक्षक बनाया गया

**केटी न्यूज/बक्सर**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारी के तबादले का दौर जारी है। इसी कड़ी में एसपी मनीष कुमार ने हाल ही में दूसरे जिलों से आए तथा वर्तमान में पुलिस केंद्र में ड्यूटी बजाने वाले 13 पुलिस इंस्पेक्टर तथा सात पुलिस अवर निरीक्षक स्तर के पुलिस पदाधिकारियों की नई पोस्टिंग की है। सभी नव पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को 24 घंटे के अंदर अपने नए जगह पर योगदान करने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस निरीक्षक श्रीनाथ कुमार को पुलिस कार्यालय बक्सर में विशेष कार्य पदाधिकारी बनाया गया है।

इसके अलावा पुलिस निरीक्षक संजय कुमार सिंह को बक्सर सदर का अंचल निरीक्षक, शशिकांत शर्मा को डुमरांव का अंचल निरीक्षक, ईश्वर चंद्र पाल को पुलिस केंद्र बक्सर में पुलिस निरीक्षक, संजय कुमार गुप्ता को सिमरी थानाध्यक्ष, सुरेश कुमार सिंह को ब्रह्मपुर का पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष, ओम प्रकाश कुमार को पुलिस केंद्र बक्सर के विधि व्यवस्था का पुलिस निरीक्षक, प्रवीण कुमार को स्पीडी ट्रायल, अरविंद कुमार 3, सौरभ कुमार और रामरतन पंडित को साइबर थाना, संजय कुमार सिन्हा को डीसीआरबी शाखा ( क्राइम इंडिया निर्माण) तथा राकेश कुमार सिंह को डीआईयू शाखा बक्सर में पोस्टिंग दी गई है। इसके अलावा जिन सात पुलिस अवर निरीक्षक स्तर के पुलिस पदाधिकारी को नई पोस्टिंग दी गई है उनमें मंगलेश कुमार मधुकर को डी आई यू शाखा बक्सर, अरविंद कुमार व संजय कुमार सिंह को बगेन गोला थाना, सत्येंद्र कुमार सिंह और परवेज आलम खां को डेरा ओपी थाना, वशिष्ठ नारायण यादव को राजपुर थाना तथा पुलिस अवर निरीक्षक श्याम बिहारी पासवान को यातायात थाना बक्सर में पोस्टिंग दी गई है। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से यह तबादला किया गया है।

## डीएसपी अनिशा राणा ने संभाला डुमरांव थाने की कमान



**डुमरांव।** प्रशिक्षु डीएसपी अनिशा राणा ने डुमरांव के नये थानेदार के रूप में अपनी कमान संभाली। इस मौके पर अधीनस्थ पुलिसकर्मियों ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। पुलिस कप्तान मनीष कुमार ने अनिशा राणा को डुमरांव की कमान सौंपने का फैसला लिया। डुमरांव में पहली बार महिला थानाध्यक्ष के रूप में आयीं अनिशा राणा ने बताया कि वह मूलरूप से मुंगेर की निवासी हैं और 12वीं के बाद पटना के वीमेंस कॉलेज में भौतिकी विषय से अपनी पढ़ाई पूरी की। उसके बाद 65वीं बीपीएससी परीक्षा में सफलतापूर्वक उतीर्ण होकर 18वीं रैंक पर कब्जा जमाया था। उन्होंने बताया कि न्याय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करूंगी। कोई भी पीड़ित को मिलने के लिए किसी भी माध्यम की जरूरत नही। वह सीधे तौर पर अपनी समस्या से मुझे अवगत करा सकते है। उनकी समस्या का प्रथम प्रयास में ही समाधान निकाला जायेगा। उन्होंने एसपी मनीष कुमार और डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी को अपना मार्गदर्शक बताया।

## एक नजर

### समाज के कल्याण के लिए ज्ञान का उपयोग करना ही जीवन को सफल बनाता है : उदय नारायण

**बक्सर।** बक्सर में बुधवार को विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन कर उन्हें जीवन में सफल होने के सूत्र बताए गए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मोहित दुबे ने कहा कि शिक्षा से ही जीवन सफल होता है। शिक्षित होकर सिर्फ रोजगार ही नहीं प्राप्त किया जाता है बल्कि समाज और देश के विकास में एक शिक्षित ही सही अर्थों में योगदान देता है। वर्कशॉप में प्रधानाचार्य उदय नारायण उपाध्याय ने कहा कि ज्ञान अर्जित करना और समाज के कल्याण हेतु ही ज्ञान का उपयोग किया जाना जीवन का सफल प्रयोग है। बच्चों को बताया गया कि आपका मस्तिष्क, आपका शरीर,आपके शरीर में दौड़ने वाला खून, उस लक्ष्य को प्राप्त करने में ही डूब जाए। यही सफल होने का एक तरीका है। यह भी समझाया कि मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के चक्कर में अपना अनमोल समय बर्बाद ना करें। शांति तथा तरक्की विद्यार्थी अपना लक्ष्य प्राप्त करते हुए ही कर सकता है। विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने अति उत्साह और खुशी से इस प्रतियोगिता सह वर्कशॉप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार साक्षी कुमारी को द्वितीय पुरस्कार सूरज कुमार को तथा तृतीय पुरस्कार शिवम कुमार को दिया गया। निर्णायक मंडल में सुजीत कुमार सिंह शिक्षक, अमरेश कुमार राय शिक्षक, प्रताप कुमार पाल शिक्षक तथा रविन्द्र कुमार थे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन रविन्द्र कुमार मिश्र शिक्षक के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षक और छात्रों के बीच आदर तथा सम्मान की परिपाटी बरकरार रखना अति आवश्यक है। कार्यक्रम में सुनील कुमार सिंह, प्रताप कुमार पाल, प्रीति राय, सुलभ पटेल, पारस नाथ राम, अमित कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे।

### डीएम ने लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में बने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण



**बक्सर।** बुधवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु ब्रह्मपुर, डुमराव, राजपुर एवं बक्सर विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल के डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी ने ब्रह्मपुर एवं डुमराव के लिए डीके कॉलेज डुमरांव एवं 2 राज हाई स्कूल डुमरांव तथा राजपुर एवं बक्सर के लिए बाजार समिति प्रांगण बक्सर में निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पहुंच पथ, अस्थाई ब्रजगृह हेतु कमरा, वाहन पार्किंग हेतु स्थल एवं साथ ही अन्य आधारभूत संरचनाओं का जांच किया गया। साथ ही वहां उपस्थित कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर को उक्त के संबंध में कई निर्देश दिए गए. निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता बक्सर, अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर व डुमरांव, भूमि सुधार उप समाहर्ता बक्सर व डुमरांव, उप निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### किसानों का 479वें दिन भी जारी रहा आंदोलन

**चौसा।** प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा, चौसा (बक्सर) के बैनर तले मुरा बाबा तथा चौसा रेलवे क्रॉसिंग दोनों जगह पर 479वें दिन जिला प्रशासन तथा एनटीपीसी थर्मल पावर प्लांट के तानाशाही रवैया के खिलाफ धरना जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता इंटक के प्रदेश महासचिव रामप्रवेश सिंह यादव तथा संचालन शिवजी तिवारी ने किया। धरना में प्रमुख वक्ताओ अंशु चौबे, लालजी कुशवाहा, राजेश तिवारी, रामाकांत राजभर, केशव चौधरी आदि शामिल रहे। किसानों ने कहा कि प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा के विधि सम्मत 11 सूत्री मांग को अगर तत्काल लागु नही किया गया तो कंपनी का संपूर्ण रूप से कार्य बंद कराने पर बाध्य हो जाएंगे।

## खबरें फटाफट

### बक्सर में दो जगहों पर दो युवकों की ट्रेन से कटकर मौत

**बक्सर।** बक्सर जिले के दो विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत हो गई। घटना मंगलवार की रात है। एक युवक की उम्र 30 साल और दूसरे युवक की उम्र 25 साल बताया जा रहा है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही दोनों युवकों की पहचान को लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि दोनों शवों की पहचान नहीं हो पायी है। जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 10 बजे सूचना मिली कि गहमर-चौसा स्टेशन के समीप मेन लाइन में एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। इसी बीच फिर सूचना मिली कि इटाढ़ी गुमटी के समीप एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## डुमरांव अनुमंडल इलाके में जारी है चोरों का आतंक, लोगों में भय का माहौल

# नोनिया डेरा में ढाई लाख नगद व सवा लाख के गहने और सामान ले उड़े चोर

- चोरों ने सुखलाल कुमार के घर को बनाया निशाना, जांच में जुटी पुलिस
- रात में छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव अनुमंडल इलाके में चोरों का आतंक जारी है। मंगलवार की रात कोरानसराय थाना क्षेत्र के नोनिया डेरा गांव में चोरों ने एक घर से ढाई लाख नगद तथा सवा लाख के आभूषण समेत की कीमती बर्तन और कपड़ों की चोरी कर ली है। घटना मध्य रात्रि की है। घरवालों को चोरी की इस वारदात की जानकारी बुधवार को सुबह में हुई। गृह स्वामी ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई है। चोरी की यह घटना नोनिया डेरा के सुखलाल कुमार पिता स्वर्गीय शिव श्याम नोनिया के घर हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रात में घर के सभी लोग अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। गृह स्वामी ने जमीन खरीदने के लिए 2.5 लाख रुपए रखा था। इसके अलावा उसके एक भगिनी की भी शादी होने वाली थी। उसकी बहन फिलहाल मायके में थी तथा शादी के निमित्त करीब सवा लाख रूपए मूल्य के गहना बनवाई थी। रुपया तथा आभूषण एक कमरे में रखा था, जिसमें ताला बंद किया गया था। रात में छत के रास्ते आए चोरों ने अन्य कमरों का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया तथा नगदी और आभूषण वाले कमरे का ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सुबह में जब घर वालों की नींद खुली तथा दरवाजे को बाहर से बंद पाया तो आसपास के लोगों को फोन कर इसकी जानकारी दी और जैसे तैसे बाहर से बंद दरवाजा को खुलवाए। वही नगदी और आभूषण वाले घर का ताला टूटा देख चोरी की बात समझ में आई। तब पुलिस को जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले इसी थाना क्षेत्र के सुघर डेरा गांव से चार पालतू मवेशियों की भी चोरी हुई थी। अनुमंडल इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों का पुलिस पर से विश्वास उठता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी चोर उचक्कों के कारण लोगों के दिन का चैन और रात की नींद गायब हो गई है।

### नंदन गांव में दो घरों से लाखों की चोरी, हिरासत में दो

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के नंदन गांव में बीती रात चोरों ने दो घरों में धावा बोलकर नगद राशि सहित सोने व चांदी के आभूषणों की चोरी कर फरार हो गये। इस मामले में नंदन गांव निवासी मुखदेव यादव और सत्यनारायण यादव ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर चोरी का मामला दर्ज कराया है। दोनों पड़ोसी बताये जाते है। घटना की जानकारी मिलते ही अपर थानाध्यक्ष संजीत शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बधार से खाली पड़े एक बक्से को बरामद किया। इस मामले में पुलिस की टीम ने दो युवकों को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि दोनों पीड़ितों का घर अगल-बगल है।चोरों ने रात्रि पहर दोनों घरों में घुसकर 75 हजार नगद व सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी कर ली और फरार हो गये। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर दोनों युवकों से कड़ी पूछताछ कर रही है।

### नावाडेरा गांव से रात में दो मवेशी चोरी, अज्ञात पर केस दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के नावाडेरा गांव में रात्रि पहर दो मवेशियों के चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में नावाडेरा गांव निवासी स्वर्गीय बलिराज सिंह के पुत्र सीताराम सिंह यादव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि पांच फरवरी की रात मवेशियों को खूंटे पर बांध कर सोने चला गया। जब रात्रि पहर 12 बजे के करीब नींद खुली तो दोनों मवेशी गायब थे। इसको लेकर पास-पड़ोस सहित कई अन्य जगहों पर खोजबीन की लेकिन वे नही मिले। तब मैं डायल 112 पर कॉल कर जानकारी दी। थोड़े ही देर में 112 की पुलिस टीम दरवाजे पर पहुंची और काफी देर तक खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग नही मिला।

# डीएम ने डुमरांव नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी पर लगाया चार हजार का अर्थदंड

- नियम की अनदेखी कर चाट में ईंट का टुकड़ा गिराने का था मामला

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नियमों की अनदेखी करने के मामले में डुमरांव नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार के खिलाफ बक्सर जिलाधिकारी ने चार हजार रुपये का अर्थदंड लगाया हैं। मामला बिना एनओसी लिए नगर परिषद द्वारा महाकाल मंदिर के समीप नहर के चाट में ईंट का टुकड़ा गिराने और बोर्ड की बैठक से संबंधित प्रोसिडिंग की प्रति उपलब्ध नही कराने का था। इस मामले में दो पूर्व वार्ड पार्षदों ने अनुमंडलीय लोक शिकायत में परिवाद दायर किया था।

पूर्व वार्ड पार्षद संतोष मिश्रा ने अनुमंडलीय लोक शिकायत में परिवाद दायर कर आरोप लगाया था कि भू माफियाओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकारी राशि का दुरुपयोग व लूट-खसोट किया गया है। इस मामले में सुनवाई के बाद ही इओ ने कोई प्रतिवेदन उपलब्ध नही कराया, जिसके कारण वाद का निष्पादन नही हो पाया। वाद के निष्पादन में उदासीनता अपनाने के खिलाफ लोक शिकायत पदाधिकारी ने शास्ति अधिरोपित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई के लिए डीएम को अनुशंसा किया था। वहीं दूसरी ओर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सोनू राय ने भी अनुमंडलीय लोक शिकायत में परिवाद दायर कर नगर परिषद बोर्ड की बैठक से संबंधित प्रोसिडिंग की प्रति उपलब्ध नही कराने का आरोप लगाया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान इओ ने कोई प्रतिवेदन नही दिया, जिसे गंभीरता से लेते हुए अनुमंडलीय लोक शिकायत पदाधिकारी ने इओ के खिलाफ शास्ति अधिरोपित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई के लिए डीएम को अनुशंसा भेजा था। इस दोनों मामले में डीएम ने अर्थदंड लगाया है। जानकारी के अनुसार ऐसे अभी दर्जनों मामले नगर परिषद के खिलाफ कार्रवाई के इंतजार में पड़े हुए हैं।

# भरौली से कतकौली मोड तक दिन में भी लगा रहा जाम

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में एनएच 922 पर जाम की समस्या आम बनी हुई है। उत्तर प्रदेश के भरौली से लेकर बिहार के बक्सर-पटना एनएच 922 पर जाम की गंभीर समस्या लगभग प्रतिदिन बनी हुई है। जिसके कारण आम लोगों से लेकर नगर वासियों को परेशानी का सामाना करना पडता है। इस क्रम में बुधवार को भी देर रात से भरौली से एनएच 922 पर कतकौली तक जाम लगा रहा। जाम की स्थिति लगभग दिन के 10 बजे तक कायम थी। वहीं जाम को हटा कर यातायात को सुगम बनाने के लिए पुलिस कर्मी तैनात दिखे। जाम की स्थिति तब और कायम हो जा रही है जब बक्सर पटना सडक से भी रांग लेन से बडे वाहनों का संचालन होने लग रहा है। वहीं सुबह में जाम के कारण इंटर के परीक्षार्थियों को अपना वाहन छोड़कर अपने केंद्रों पर पैदल भागना पड़ा। जिससे परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना करना पडा।

जाम की समस्या गंगा नदी पर बने वीर कुंवर सिंह पुल के शुभारंभ होने के बाद और बढ़ गई है। जाम में फंसे ज्यादातर ट्रक बालू लदे पहुंच रहे है। यह स्थिति प्रतिदिन की है। बालू लेकर ट्रक उत्तर प्रदेश वीर कुंवर सिंह पुल के रास्ते जा रहे है। जो रोहतास के साथ के साथ ही भोजपुर से प्रतिदिन काफी संख्या में पहुंच रहे है. भारी वाहनों के एक साथ पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के भरौली में जांच किया जा रहा है। जांच के लिए लाइन लगने के क्रम में वीर कुंवर सिंह पुल होते हुए कतकौली तक लंबी लाइन लग गई। जिसके कारण नगर के गोलंबर पर जाम लग गया।




## डुमरांव थाना क्षेत्र में 91 और नया भोजपुर ओपी क्षेत्र में 35 लाइसेंसी शस्त्रधारी है

# तीन दिनों में डुमरांव थाने में 91 हथियारों का हुआ सत्यापन

**केटी न्यूज/डुमरांव**



आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय थाना परिसर में तीन दिवसीय कैंप के दौरान अंतिम दिन तक 91 हथियारों का सत्यापन किया गया। लाइसेंसधारी हथियारों का सत्यापन कैंप में पहले दिन 30, दूसरे दिन 24 और अंतिम दिन 37 हथियारों का सत्यापन किया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव थाना क्षेत्र में 91 और नया भोजपुर ओपी क्षेत्र में 35 लाइसेंसी शस्त्रधारी हैं। शेष छूटे हुए शस्त्रों के सत्यापन को लेकर अगली तिथि निर्धारित की जायेगी। तीन दिवसीय कैंप में बतौर मजिस्ट्रेट डुमरांव सीओ अंकिता सिंह व प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अनिशा राणा को जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। आगामी लोकसभा चुनाव में विधि-व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने हथियारों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है, जिसको लेकर इस कैंप में शहर व ग्रामीण इलाके के हथियारों के लाइसेंसधारियों का जमावड़ा लगा रहा। सभी ने बारी-बारी से अपने लाइसेंस का सत्यापन कराया। सीओ ने बताया कि जो लाइसेंसधारी अपना हथियार तथा कागजात प्रस्तुत नही करेंगे उन पर कार्रवाई की जायेगी और उनके हथियार जब्त करने की अनुशंसा भी किया जायेगा। हथियारों के सत्यापन को लेकर लाइसेंसधारियों के बीच बेचैनी बढ़ गयी है।

### नावानगर व सिकरौल थाना में तीन दिन के दौरान कुल 168 शस्त्रों का किया गया भौतिक सत्यापन

**नावानगर।** तीन दिवसीय शस्त्र सत्यापन की कार्य बुधवार को संपन्न हो गया। अंतिम दिन नावानगर व सिकरौल थाना में कुल 36 शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस तरह तीन दिवसीय शस्त्र सत्यापन में दो थानों के बीच कुल 168 शस्त्रों भौतिक सत्यापन किया गया। शस्त्र सत्यापन में शस्त्र का लाइसेंस रिनवल, शस्त्र की भौतिक स्थिति एवं कारतूस की सत्यापन की गई। जिसको लेकर नावानगर व सिकरौल थाना में तीनों दिन गहमागहमी रही। अंतिम दिन नावानगर में सीओ अजीत कुमार एवं थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने 9 शस्त्रों का सत्यापन किया। वही सिकरौल में बीडीओ मनोज कुमार व थानाध्यक्ष विरेन्द्र प्रसाद ने 36 शस्त्र का सत्यापन की। इस तरह नावानगर में कुल 82 तथा सिकरौल में कुल 86 शस्त्रों का सत्यापन किया गया। बीडीओ ने बताया कि शस्त्र सत्यापन की रिपोर्ट जिला में भेज दी जाएगी।



# वित्त एवं लेखा विभाग में ग्रेच्युटी भुगतान में चल रहा कमीशन का खेल

♦ बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्टाचार के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा कड़े निर्देश के बाद भी विभागों में भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। बता दें कि बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार इस कदर व्याप्त है कि हाईकोर्ट के निर्देश पर शिक्षकों के 60 साल से पहले मृत्यु पर दिया जाने वाला ग्रेच्युटी भुगतान में जमकर कमीशनखोरी का खेल खेला जा रहा है। विश्वस्त सूत्रों के हवाले से हर भुगतान पर वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा पांच से 10% तक कमीशन लिया जा रहा है। लोग मौन साधकर कमीशन देकर अपना भुगतान कराने के लिए मजबूर है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ परिषदीय मृत शिक्षकों के परिजनों ने बताया कि हम लोगों से 10-10 % कमीशन लेकर भुगतान किया गया। कमीशन न देने पर कुछ कमी दिखाकर भुगतान को रोकने की बात की जाती है। मालूम हो कि हर ब्लॉक से 8-10 लोगों का ग्रेच्युटी भुगतान किया गया है। अब तक जिले में कुल 80 प्रतिशत भुगतान हो चुका है। ग्रेच्युटी भुगतान शिक्षक के मृत्यु के समय साथ में मंहगाई भत्ते को जोड़कर ग्रेच्युटी भुगतान छमाही सेवा पर बनाता है।

### जानिए क्या है ग्रेच्युटी भुगतान

शिक्षकों को 60 साल की उम्र से पहले मृत्यु होने या इससे पहले स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी भुगतान सेवाकाल के दौरान मूल वेतन के साथ में मंहगाई भत्ता उसकी सेवा पर ग्रेच्युटी छमाही सेवा पर भुगतान किया जाता है। साठ साल की आयु का विकल्प दिए जाने पर शिक्षक को अधिकतम 20 लख रुपये तक ग्रेच्युटी दी जाएगी। इसमें उसकी सेवा अवधि की गणना होती है। इसमें एक वर्ष से कम, एक से पांच वर्ष, पांच से 11 वर्ष, 11 से 20 वर्ष व अंत में 20 वर्ष या उससे अधिक सेवा के आधार पर तय स्लैब के अनुसार भुगतान किया जाता है।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस विषय पर जब वित्त एवं लेखाधिकारी अभिषेक यादव से बात की गई तो महोदय गोल मटोल जवाब देने लगे। बताया ग्रेच्युटी का भुगतान ट्रेजरी कार्यालय से किया जाता है। हमारे यहां से फाइलों को परीक्षण करके भेजा जाता है। जिस पर भुगतान किया जाता है। इसके लिए बीएसए कार्यालय जिम्मेदार है, बताया अभी तक जितने भी केस हैं। सभी 60 साल से मृत्यु होने पर है, जिनका लगभग सभी का निस्तारण किया जा चुका है। हालांकि लेखाधिकारी की बातों के बावजूद स्थिति बिल्कुल अलग है।

## बोर्ड व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को सकुशल संपन्न करने हेतु समीक्षा बैठक

# सुचिता व कड़ाई से होगी परीक्षाएं, छोटी गलती भी होगी अक्षम्य: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

समीक्षा अधिकारी (आरओ)व सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की परीक्षा कुशलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। उन्होंने सभी स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट,केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें हैं, उनके अनुरूप ही परीक्षा कराएंगे। सचेत किया कि किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी संज्ञान में आई तो व्यक्तिगत रूप से जवाबदेही तय करते हुए जिम्मेदार पर बड़ी कार्रवाई होगी। अपर जिलाधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने परीक्षा प्रारंभ होने से लेकर और समाप्ति तक के सभी बिंदुओं के बारे में बैठक में शामिल सभी को अवगत कराया। बताया कि जनपद में 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बैठक में शामिल यूपी लोक सेवा आयोग के समन्वयक एवं पर्यवेक्षक ने भी परीक्षा संबंधी जानकारी दी। इसके लिए आयोग ने तीन लोगों को नियुक्त किया है।

कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षाओं का दौर अब शुरू हो गया है। आरओ-एआरओ के बाद पुलिस भर्ती, बोर्ड परीक्षा और फिर पीसीएस की परीक्षा होनी है। परीक्षा कराना संवेदनशील व महत्वपूर्ण कार्य है। इसलिए सभी स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व केन्द्र सहायक पहले ही यह देख लें कि किसी भी केंद्र पर कोई कमी न रह जाए। कमरों में दोनों तरफ से सीसीटीवी कैमरा, डिस्प्ले बोर्ड, रिकार्डिंग व वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था पूरी तरह सही हो। परीक्षार्थियों की सीटिंग व्यवस्था भी देख लेंगे। इसके अलावा स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी इन निर्देशों का अनुपालन अपने स्तर से भी सुनिश्चित कराएंगे।



जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ह्यूमन एरर, लिपिकीय त्रुटि जैसी चीज परीक्षा में नहीं होनी चाहिए, ऐसी लापरवाही व शिथिलता बरतने वाले कर्मचारी/अधिकारी/अध्यापक /प्रधानाचार्य पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही सभी को लोक सेवा आयोग के दिशा निर्देशों को पढ़ने और उसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम की स्थापना की जाएगी, यहां के नोडल सीआरओ होंगे, उनके साथ कुछ अन्य अधिकारी एवं माध्यमिक शिक्षा के अध्यापक भी मौजूद रहेंगे। कहा कि आयोग के द्वारा परीक्षा को शान्तिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण संपन्न कराने हेतु परीक्षा से आधे घंटे पहले और परीक्षा के आधे घंटे बाद तक जैमर का इस्तेमाल किया जाएगा।

बैठक में एसपी देव रंजन वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी बात रखी और साफ शब्दों में सभी को सचेत किया कि इन परीक्षाओं पर पुलिस की भी पैनी नजर रहेगी,स्पेशल सेल एक्टिव रहेगा, इसलिए इन परीक्षाओं की संवेदनशीलता को समझते हुए आप में से कोई भी किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतेगा। संलिप्तता और गड़बड़ी की स्थिति में पुलिसिया कार्रवाई भी निष्पक्ष होगी और परीक्षा केंद्र से सीधे जेल भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, बीएसए मनीष सिंह,डीएस?ओ रामजतन यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं केंद्र व्यवस्थापक आदि मौजूद थे।

## वायस रिकार्ड के साथ सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी यूपी बोर्ड परीक्षा

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में बुधवार को महेन्द्र टेक्निकल इंटर कॉलेज सभागार में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों बैठक हुई। परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया और कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।जनपद में कुल 88 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए जनपद में पांच जोन एवं 11 सेक्टर में बांटा गया है। डीएम ने कहा कि हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं 22 फरवरी से प्रारम्भ होकर 09 मार्च को समाप्त होगी। शासन के निदेर्शानुसार उक्त परीक्षा को नकल विहीन, शान्तिपूर्ण, शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पादित कराये जाने के दृष्टिगत सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी को जोनल मजिस्ट्रेट व केन्द्रवार सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है। परीक्षाओं के शांन्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु धारा-144 लागू किया जा चुका है। परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार का शस्त्र एवं मोबाईल फोन अथवा ऐसे इलेक्ट्रानिक संयन्त्र जिससे अनुचित साधन प्रयोग की आशंका हो आदि लेकर परीक्षा परिधि में आने की अनुमति न दी जाय।इसके अलावा फोटो कापी मशीन की दुकान 100 मीटर की परिधी में परीक्षा के दौरान बंद रहेंगे। इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें फटाफट

### दुबहड़ क्षेत्र में चोरी की घटनाओं से दहशत

**बलिया।** दुबहड़ थाना क्षेत्र में आजकल चोरी की घटनाओं में आए दिन हो रही बढ़ोतरी से क्षेत्रवासियों के अंदर दहशत का माहौल कायम हो गया है। ज्ञात हो कि पिछले दो दिनों में कई मोटरसाइकिल सहित ई-रिक्शा से बैटरी वह स्टेपनी चुराने का घटना प्रकाश में आया है। बीती रात दादा के छपरा निवासी संतोष राय पुत्र दरोगा राय अपने घर पर प्रतिदिन की भाति अपना ई-रिक्शा रात खड़ा किए थे। जब सुबह जगकर देखा तो उनके ई-रिक्शा से पांच बैटरी वह स्टेपनी गायब थी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना दुबहर पुलिस को दी। वहीं सोमवार की रात अखार गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान दरवाजे से ही दो सुपर स्प्लेंडर बाइक अज्ञात चोर चुरा कर फरार हो गए। वही मंगलवार की रात जनाड़ी गांव मे भी एक मांगलिक कार्यक्रम से एक सुपर स्प्लेंडर गायब हो गई। आए दिन इस तरह के घटनाओं से लोगों के अंदर भय व्याप्त हो गया है। क्षेत्रीय लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराते हुए ऐसी घटनाओं पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग की है।

### रेप कर फरार चल रहा वारंटी अरेस्ट

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व पीड़ित पक्ष के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर धारा 363 ,377 व 5/6 पॉस्को एक्ट दर्ज किया था। जिसमे वारंटी काफी दिनों से फरार चल रहे आरोपी को दुल्लहपुर थाने के उपनिरीक्षक जगपत मिश्रा ने अपने हमराहियों के साथ मुखबिर के सूचना से सिखड़ी गांव के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया और संबंधी धाराओं में जेल भेज दिया।

### पीएम मोदी का जताया आभार

**गाजीपुर।** आयुष्मान भारत योजना के तहत भारत सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं को इस योजना का लाभ लेने के लिए अधिकृत करने से गाजीपुर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के लाभार्थी को 5 लाख तक का नि:शुल्क इलाज मिलता है। अभी तक इस योजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता शामिल नहीं थे। लेकिन पिछले दिनों वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में जब बजट पेश किया तो उन्होंने इस योजना में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं को भी इसका लाभ देने का ऐलान किया। इसके बाद से ही आंगनबाड़ी कार्यकताओं में खुशी का माहौल है, क्योंकि जो उनका मानदेय है उसमें उनका परिवार चलाना ही काफी कष्टकारी होता है। ऐसे में परिवार के किसी सदस्य की बीमारी पर उनका इलाज करना एक बड़ी समस्या के रूप में आ जाती थी। लेकिन अब इस योजना का लाभ मिलने से गाजीपुर में चलने वाले 4127 आंगनबाड़ी केंद्रों के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता काफी खुश नजर आ रहे हैं। सदर विकास खंड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तारा कुशवाहा ने बताया कि इस योजना का लाभ देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत-बहुत धन्यवाद। क्योंकि हमारे जैसे सामान्य लोगों के बारे में उन्होंने सोचा।

## वरासत के मामले में लापरवाही बरतने पर लेखपाल निलंबित

**केटी न्यूज/ बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसी भी हाल में वरासत संबंधित प्रकरण लंबित नहीं होने चाहिए और सभी का निस्तारण तय समय सीमा के अंदर होना चाहिए। इसी के क्रम में तहसील बलिया के उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्रा ने वरासत संबंधी मामले में एक लेखपाल को निलंबित किया है। यह मामला पूजा पुत्री स्व० हरिलाल सा० नूरपुर, पर०को०शर्की, तहसील व जिला बलिया का है, जिनके द्वारा दिनांक 10 जनवरी 2024 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर शिकायत की गयी कि मौजा नूरपुर के आराजी नबर 696 व 698 पर दर्ज उनकी माता की मृत्यु के बाद आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर हल्का लेखपाल द्वारा वरासत की कार्यवाही भी नहीं की गयी और गलत

आख्या लगाकर प्रार्थिनी का आवेदन पत्र भी निस्तारित करा दिया गया। उक्त के सम्बन्ध में राजस्व निरीक्षक हल्दी से जांच करायी गयी, जिसमें उल्लिखित किया गया है, मौजा नूरपुर के खतौनी में गाटा संख्या 698, 696 पर रमुना देवी पुत्री विश्वनाथ नूरपुर का नाम दर्ज है। पार्थिनी द्वारा रमूना देवी की मृत्यु के उपरान्त वरारात हेतु आनलाईन आवेदन किया गया, परन्तु हल्का लेखपाल द्वारा न ही वरासत किया गया, न ही विवादित प्रकरण हल कराया गया, जिसके कारण वरासत का प्रकरण लम्बित रह गया।

## नन इंटरलाकिंग: जिवनाथपुर यार्ड की रिमॉडलिंग के चलते हावड़ा-दिल्ली रूट पर परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ट्रेनें

**केटी न्यूज/ पीडीडीयू नगर**

उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल अंतर्गत जिवनाथपुर रेलवे स्टेशन पर एनआई (नन इंटरलाकिंग) का कार्य किया जाना है। इसके कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया जा रहा है। इसके तहत 16 फरवरी तक सुबेदारगंज से आने वाली पैसेंजर ट्रेनें पीडीडीयू जंक्शन नहीं आएगी। वहीं नौ ट्रेनें वाराणसी के रास्ते जाएंगी।

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पीडीडीयू प्रयागराज रेलखंड पर स्थित जिवनाथपुर स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। इसके कारण ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जाएगा। बताया कि नौ से 12 फरवरी तक अप और डाउन पीडीडीयू सूबेदारगंज मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। वहीं सात से 16 फरवरी तक अप पीडीडीयू सुबेदारगंज मेमू पैसेंजर स्पेशल पीडीडीयू नहीं आएगी बल्कि यह चुनार तक चलेगी। नौ फरवरी को छत्रपति साहू महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर से खुलने वाली कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस, आठ और दस फरवरी को आनंद विहार से खुलने वाली आनंद विहार-हटिया झारखंड एक्सप्रेस, दस फरवरी को आनंद विहार से खुलने वाली आनंद विहार-गया एक्सप्रेस, 12 को आनंद विहार से खुलने वाली आनंद विहार-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, 11 को नई दिल्ली से खुलने वाली नई दिल्ली-गुवाहटी एक्सप्रेस प्रयागराज, वाराणसी, पीडीडीयू के रास्ते चलायी जाएगी। वहीं पीडीडीयू वाराणसी प्रयागराज रामबाग के रास्ते आठ को गुवाहटी से खुलने वाली गुवाहाटी-बाड़मेर एक्सप्रेस, नौ फरवरी को कोलकाता से खुलने वाली कोलकाता-बीकानेर एक्सप्रेस, दस फरवरी को गुवाहटी से खुलने वाली गुवाहाटी बीकानेर एक्सप्रेस, 11 फरवरी को भुवनेश्वर से खुलने वाली भुवनेश्वर-आनंद विहार एक्सप्रेस चलेगी। नौ फरवरी को अमृतसर से खुलने वाली सियालदह अमृतसर एक्सप्रेस और पटना से खुलने वाली पटना अहमदाबाद स्पेशल पीडीडीयू लखनऊ कानपुर के रास्ते चलेगी।नौ फरवरी को आनंद विहार से खुलने वाली आनंद विहार-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, दस को आनंद विहार से खुलने वाली आनंद विहार-रांची एक्सप्रेस, 11 को अमृतसर से खुलने वाली अमृतसर-सियालदह एक्सप्रेस कानपुर, लखनऊ पीडीडीयू के रास्ते चलायी जाएगी।

## जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति और जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित

# सीडीओ ने मियांवाकी पद्धति से वृक्षारोपण कराए जाने पर दिया बल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति और जिला पर्यावरण समिति की बैठक पंडित दीनदयाल सभागार विकास भवन में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने मियांवाकी पद्धति द्वारा वृक्षारोपण कराए जाने पर बल दिया। जनपद में वर्ष 2024 में वृक्षारोपण के लिए शासन द्वारा कुल 40,18,100 वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसे जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा लक्ष्य को पूर्ण समयाअवधि में करा लिया जाए। संबंधित विभागों को उनके लक्ष्य के बारे में बताया गया। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष स्थल का चयन कर शीघ्र उपलब्ध करा दें। प्रभगीय निदेशक विवेक यादव ने बताया कि जनपद के विभिन्न विकास खंडों में वन विभाग द्वारा स्थापित पौधशालाओं में लगभग कुल 60 लाख पौधा जिसमें फलदार, औषधि, इमरती आदि पौधे तैयार किया जा रहा हैं। इस बैठक में संबंधित विभागों के नोडल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। गंगा समिति की समीक्षा के उपरान्त बताया गया कि शहरों का गंदा पानी व कचड़ा सीधे गंगा में जाता है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नगर पालिका परिषद सदर को निर्देशित किया कि गंगा नदी का पानी जो नाले के माध्यम से जा रहा है। उन सभी नालों पर जाली लगाने का निर्देश दिया।




### जिला स्वच्छ भारत मिशन की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न

**गाजीपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिला स्वच्छ भारत मिशन समिति की बैठक छह फरवरी 2024 को सायंकाल मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार गाजीपुर में सम्पन्न हुई। जिसमें निदेर्शों के अनुपालन आख्या पर विचार किया गया। इस दौरान पंचायती राज विभाग की समस्त योजनाओं जैसे व्यक्तिगत शौचालय, रिट्रोफिटिंग, ओडीएफ अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कराए जाने वाले कार्यों पंचायत भवन अंत्येष्टि स्थल सामुदायिक शौचालय की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवशेष 23 पंचायत भवनों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में ओडीएफ अंतर्गत कुल 61 रिसोर्स रिकवरी सेंटर बनकर तैयार हैं, जहां पर शहरों की तर्ज पर कूड़ा उठान का कार्य एवं कूड़ा निस्तारण का कार्य किया जाना है। उनमें से मात्र 14 केंद्र संचालित हैं। जिस पर सीडीओ द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी एडीओ पंचायत को निर्देशित किया गया कि सभी आरसी सेंटर को संचालित कराकर गांव को स्वच्छ बनाएं। इसके अतिरिक्त सीडीओ द्वारा समस्त एडीओ पंचायत को यह निर्देश दिए की पंचायत सचिवालय के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा कर उनमें प्रगति करना सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### पीडीडीयू नगर के पावर हाउस में लगी भीषण आग घंटों कालोनियों में गुल रही बिजली



**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** नगर के रेलवे क्षेत्र में शास्त्री कॉलोनी में स्थित गार्ड रनिंग रूम 555 परिसर में स्थित पावर हाउस में बुधवार की शाम आग लग गई। आग से पांच सौ केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया। फायर ब्रिगेड के दो वाहनों की सहायता से आधे घंटे के प्रयास के बाद आग बुझाई गई। आग से इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी और आरपीएफ कॉलोनी में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पीडीडीयू नगर के चहनिया (मालगोदाम रोड) पर शास्त्री कॉलोनी और इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी के बीच गार्ड रनिंग रूम संख्या 555 है। यहां लोको पायलट और गार्ड विश्राम करते हैं। इसी परिसर में विद्युत उपकेंद्र बना है। इसमें पांच सौ केवीए के ट्रांसफार्मर से रनिंग रूम के साथ इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी और आरपीएफ कॉलोनी के कुछ हिस्से सहित लगभग एक हजार क्वार्टरों में बिजली अपूर्ति होती है। बुधवार की शाम साढ़े छह बजे शार्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग से तीनों कॉलोनियो में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। वहीं पावर हाउस के खिड़की का छज्जा टूट कर गिर गया। इस बीच सूचना पाकर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आधे घंटे प्रयास कर आग बुझाई। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### दहेज हत्या केस में कोर्ट ने दोषी पति को सुनाई 10 साल की सजा, 57 हजार का लगा अर्थदंड

**गाजीपुर।** फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दहेज हत्या के मामले में पति को दस साल की कड़ी कैद के साथ 57 हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार थाना शादियाबाद गांव सिघनाथपुर के धरमु राजभर अपनी लड़की मुन्नी की शादी 19 मई 2015 को गांधीनगर जंगीपुर के आलोक राजभर के साथ किया था। शादी में अपने सामर्थ्य अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के बाद विदा होकर लड़की अपने ससुराल गई, जहाँ पर उसके ससुराल के लोग सास दासी देवी, ननद सोनी, जेठ विनोद कुमार व पति आलोक राजभर दहेज में 50 हजार रुपया और सोने की चेन की मांग अक्सर करते थे। इस बाबत उसको प्रताड़ित करते थे। छह सितंबर 2016 को मुन्नी का भाई उसे विदा कराने गया, तो देखा की उसकी बहन को उसके ससुराल के लोग काफी मारे-पीटे थे। भाई को देखते भड़क गए और उसको भगा दिया। कुछ ही देर बाद फोन आया कि उसकी बहन की मौत हो गई हैं।

### मिशन निरामया के तहत जागरूक हुए विद्यार्थी

**चंदौली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की महत्वाकांक्षी योजना मिशन निरामया एवं कैरियर काउन्सिल के तहत अभिषेक नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के कर्मचारियों ने स्वामी अड़गड़ानन्द इण्टर कालेज बरहन,राष्ट्रीय इण्टर कालेज कमालपुर हरिद्वार इण्टर कालेज कमालपुर में कैम्प लगाकर इण्टरमीडिएट के छात्र छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान असिस्टेंट प्रोफेसर अमित पचौरी ने एएनएम, जीएनएम एवं बीएससी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों की उपयोगिता एवं रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रदेश सरकार की ओर से निरमाया योजना के तहत छात्राओं को जानकारी के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।यही नहीं छात्रों के विकास के लिए सरकार तमाम तरह की योजनाएं संचालित कर रही है जिसका लाभ छात्रों को मिल रहा है। इस दौरान असिस्टेंट प्रोफेसर कृष्णा सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर रोहित राय, आरपी पटेल शामिल रहे।

### एसबीआई के नवीन परिसर में मिलेंगी उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं

**चंदौली।** भारतीय स्टेट बैंक चंदौली मुख्य शाखा के नए परिसर का बुधवार को उद्घाटन हुआ। उद्घाटन करने के बाद बैंक अधिकारियों ने भरोसा दिया कि इससे आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं और सुविधाएं प्रदान होंगी। इस मौके पर डीजीएम धीरज कुमार ने ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता के प्रति बैंक की अटूट प्रतिबद्धता और नवीन बैंकिंग समाधान प्रदान करने के प्रति समर्पण पर जोर दिया। शाखा प्रबंधक निशांत श्रीवास्तव ने अतिथियों, कर्मचारियों और ग्राहकों को उनके अटूट समर्थन प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। कहा कि ग्राहकों को बैंक से बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए आज नई शाखा को उद्घाटित कर उन्हें समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने ग्राहक सुविधा और संतुष्टि बढ़ाने में नए शाखा परिसर के महत्व पर जोर दिया। क्षेत्रीय प्रबंधक संजय चौधरी ने चंदौली मुख्य शाखा के विस्तार के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर संजय बरनवाल, संजीत कुमार, श्री अमित, श्री नवनीत और अन्य की उपस्थिति ने जश्न के माहौल को और बढ़ा दिया,।




